अज्ञात वाहन की टक्कर से दंत चिकित्सक की मौत

मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



मृतक सुरेंद्र प्रताप सिंह की फाइल फोटो

उतरांव (प्रयागराज)। सरायइनायत थाना क्षेत्र के लहूरपुर गांव निवासी ५५ वर्षीय दंत चिकित्सक सुरेंद्र प्रताप सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम बरेठी स्थित अपना क्लिनिक बंद कर बाइक से घर लौटते समय मंडौर हनुमान मंदिर के पास सरकारी नलकूप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल चिकित्सक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया। वहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। सुरेंद्र प्रताप सिंह कई वर्षों से बरेठी में दांतों का क्लिनिक चलाते थे। परिवार में पत्नी शिमला सिंह और दो बेटे ललित एवं सुमित हैं। उनकी मौत से परिवार में शोक छा गया।

मंगलवार को क्षेत्र में ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेले का आयोजन हुआ था। मेले को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। इसके बावजूद मंदिर के पास हादसा होने से यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन की पहचान कर कारर्वाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के बाद घायल चिकित्सक काफी देर तक घटनास्थल पर पड़े रहे। उन्हें अस्पताल पहुंचाने में देरी को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। हालांकि, समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बच सकती थी या नहीं, यह चिकित्सकीय जांच का विषय है। घटना के बाद आपातकालीन सहायता और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था पर भी चर्चा शुरू हो गयी है। फिलहाल हादसे के कारणों और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच जरूरी है।



बकाया वेतन भुगतान के लिए प्रदर्शन करते शुआट्स कर्मचारी।

शुआट्स कर्मियों ने फाइनेंस कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

नियमित वेतन और २६ माह से अधिक का बकाये भुगतान की मांग

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में सोसाइटी-पेरोल के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन विवाद गहराता जा रहा है। बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को कर्मचारियों ने कैंपस में विरोध मार्च निकाला और फाइनेंस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी हाथों में 'बहानेबाजी बंद करो, हमारा बैकलाग क्लियर करो' लिखे बैनर लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय से फाइनेंस कार्यालय तक पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि उनका २६ महीने से अधिक का वेतन बकाया है। इसके अलावा वर्तमान वेतन का भुगतान भी नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से मौखिक रूप से ६० से ९० दिनों के अंतराल पर वेतन देने की बात कही जाती है। कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के खर्च पूरे करना मुश्किल हो गया है। उनके अनुसार, वे वर्ष २०२४ से लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि लंबित वेतन का जल्द भुगतान किया जाए और भविष्य में नियमित एवं समयबद्ध वेतन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, बकाया भुगतान की समयसीमा के संबंध में लिखित जानकारी देने की मांग भी उठाई।

सीता हरण के प्रसंग ने दर्शकों को किया भावुक

ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी ने निभायी रावण की भूमिका

मेजारोड (प्रयागराज)। सोरांव गांव में श्रीरामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में श्रीराम के वनवास से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। सूर्पणखा नासिका छेदन, खर-दूषण वध, सीता हरण और बाली वध की लीला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मंचन में पंचवटी में सूर्पणखा के विवाह प्रस्ताव ठुकराये जाने के बाद लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटने का प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद खर-दूषण अपनी सेना के साथ श्रीराम से युद्ध करने पहुंचे, जहां उनका वध हुआ। वहीं, रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का हरण कर लिया। सीता वियोग में श्रीराम की व्याकुलता का भावपूर्ण मंचन देख दर्शक भावुक हो उठे। आगे सुग्रीव से श्रीराम की मित्रता और बाली-सुग्रीव युद्ध का मंचन किया गया। रामलीला में रावण की भूमिका ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी ने निभायी। बाली के रूप में प्रभा शंकर (नंदू ओझा), सुग्रीव के रूप में पंकज द्विवेदी तथा खर-दूषण की भूमिका में गुड्डू द्विवेदी और रामसागर द्विवेदी (धाधा गुरु) ने अभिनय किया। जामवंत की भूमिका सत्यम द्विवेदी ने निभाई, जबकि हनुमान के रूप में बलदाऊ ओझा, सत्यम और राजा बाबू ने अभिनय किया। मंच संचालन प्रभा शंकर ओझा और रिंकू ओझा ने किया। व्यास पीठ की जिम्मेदारी श्यामू शुक्ला ने संभाली। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी ने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से नयी पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों की सीख मिलती है।



महिला की चेन छीनकर भाग रहा बुजुर्ग पकड़ा गया

फाफामऊ (प्रयागराज)। शांतिपुरम कालोनी में आरएएफ कैंप के पीछे मंगलवार रात एक बुजुर्ग व्यक्ति ने दुकान पर बैठी महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

चेन छीनने की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। बुधवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

जानकारी के अनुसार, मातादीन का पूरा निवासी पप्पू पुष्पाकर की शांतिपुरम कालोनी में आरएएफ कैंप के पीछे फूल-माला की दुकान है। मंगलवार रात उनकी पत्नी सुमित्रा देवी दुकान पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव का करीब ६० वर्षीय बुजुर्ग साइकिल से दुकान पर पहुंचा और सामान लेने के बहाने महिला से बातचीत करने लगा। मौका पाकर उसने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और साइकिल लेकर भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों के एक ही गांव के होने के कारण दिनभर पंचायत चलती रही। फाफामऊ थाना प्रभारी छोटक यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात चल रही थी। तहरीर मिलने पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।

शूर्पणखा की नासिका छेदन और सीता हरण का किया मंचन

झूंसी (प्रयागराज)। श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और सनातन संस्कृति की झलक श्री रामलीला कमेटी लालगंज अमरसापुर की ओर से आयोजित रामलीला में देखने को मिली। कलाकारों ने भरत-मिलाप से जुड़े प्रसंग, माता अनुसूया के आश्रम आगमन, शूर्पणखा की नासिका छेदन और सीता हरण का सजीव मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रभु श्रीराम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

रामलीला में भरत और शत्रुघ्न द्वारा प्रभु श्रीराम को अयोध्या लौटने के लिए मनाने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। भरत के त्याग, भ्रातृप्रेम और श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद वनवास के दौरान माता अनुसूया के आश्रम पहुंचने तथा ऋषि-मुनियों से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया गया। इन दृश्यों के माध्यम से सदाचार, तपस्या और मर्यादा का संदेश दिया गया। शूर्पणखा की नासिका छेदन लीला के बाद माता सीता के हरण का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग ने दर्शकों को राम-रावण संघर्ष की पृष्ठभूमि से परिचित कराया। निर्देशक रत्नेश कुमार केसरवानी ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर कमेटी के प्रबंधक विजय सिंह, विजय बहादुर यादव, मनीष केसरवानी, हरिश्चंद्र पाल सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

परचून की दुकान का शटर तोड़कर हजारों का सामान चोरी, प्राथमिकी दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में परचून की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर बुधवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंचनपुर निवासी मनोज कुमार केसरवानी की घर के नीचे परचून की दुकान है। सोमवार रात वह दुकान बंद कर ऊपर बने मकान में सोने चले गये। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने दुकान का शटर टूटा होने की जानकारी दी। जब वह दुकान पर जाने लगे तो घर का दरवाजा बाहर से बंद मिला। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खुलवाकर वह दुकान पर पहुंचे। जांच करने पर फार्च्यून तेल, मेवा, चीनी सहित कई सामान और गल्ले में रखे सिक्के गायब मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज में एक कार में सामान लादते हुए कुछ संदिग्ध दिखायी दिये हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है। बुधवार को मनोज कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी।

डा. मान सिंह की जीत पर शंकरगढ़ में सपाइयों ने मनाया जश्न

२०२७ के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी की चर्चा



शंकरगढ़ (प्रयागराज)। झांसी-इलाहाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डा. मान सिंह यादव की जीत पर बुधवार को शंकरगढ़ के रामभवन चौराहे पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

इस मौके पर सपा नेता संजय सिंह ने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाने वाली है।

उन्होंने इसे २०२७ के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार, स्नातक मतदाताओं के समर्थन से कार्यकर्ताओं को आगे और मजबूती से काम करने की प्रेरणा मिलेगी। जश्न के दौरान एक कार्यकर्ता ने कहा, 'अभी तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस जीत से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हालांकि स्नातक एमएलसी और विधानसभा चुनाव अलग-अलग हैं, लेकिन कार्यकर्ता इस जीत को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए उत्साहवर्धक मान रहे हैं। इस दौरान गुड्डा मिश्रा, अतुल यादव, राजकरण सिंह, आबिद अली, मुलायम सिंह यादव और शैलेंद्र यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मान सिंह की जीत पर सपाइयों ने बांटी मिठाई

मऊआइमा (प्रयागराज)। इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी चुनाव में डा. मान सिंह यादव की जीत पर बुधवार को मऊआइमा में सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी और जीत का जश्न मनाया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता नगर पंचायत के मौलाना मोहल्ले में पार्टी के प्रदेश सचिव एवं सोरांव विधानसभा के एमएलसी चुनाव प्रभारी मेराज आरिफ के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्वाचित एमएलसी डा. मान सिंह यादव को जीत की बधाई दी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों की सराहना की। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष कौशर ग्यास, जिला उपाध्यक्ष नूर उद्दीन सैफी, चेयरमैन शोएब अंसारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, विधानसभा महासचिव आसिफ अब्बासी, वरिष्ठ समाजसेवी हाजी उमैर जलाल, कैशर अंसारी, मोहसिन अंसारी, बिजलू चौरसिया और अकबर अली उर्फ सग्गन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकालकर हुई श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत

जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच भक्तिमय हुआ माहौल, तीन नवम्बर तक चलेगी कथा



कौंधियारा (प्रयागराज)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत माही में पं. रमाकांत शुक्ला के आवास पर बुधवार को सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ।

शोभायात्रा गांव और आसपास के मंदिरों में दर्शन-पूजन करते हुए कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान राधे-राधे, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कलश शोभायात्रा में महिलाओं ने डीजे की धुन पर मंगल गीत गाए। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथावाचक डा. श्रीनिवास त्रिपाठी जी महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम ६ बजे तक होगी और ३ नवंबर तक चलेगी। कथा के मुख्य यजमान रेखा देवी शुक्ला एवं उनके पति रमाकांत शुक्ला ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर प्रेम शंकर मिश्र, हरिशंकर मिश्र, हीरामणि मिश्र, हिंगू लाल द्विवेदी, माता बदल पाठक, ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह, राघव प्रसाद पाठक, पूर्व प्रधान पवन कुमार मिश्र, प्रकाश चंद्र मिश्र और शिवनंदन पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

कलश पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ २८वां जमुनापार महोत्सव शुरू

भजन, नृत्य और राम दरबार की झांकी ने मोहा मन

करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृज मंगल सिंह इंटर कालेज परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय २८वें जमुनापार महोत्सव का शुभारंभ कारगिल शहीद की पत्नी मंजू देवी और रामकथा प्रवाचक स्वामी विनोदानंद जी महाराज ने कलश पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान भजन, नृत्य और राम दरबार की मनमोहक झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डा. भगवत पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव लोक संस्कृति, परंपरा और स्थानीय प्रतिभाओं को सहेजने के साथ समाज को आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता के सूत्र में बांधते हैं। ये आयोजन विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को एक मंच पर आने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन की लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव, आशीष शर्मा और पयासी बंधुओं ने भजनों की प्रस्तुति से समां बांध दिया।

'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' और 'रहना नहीं देश बेगाना है' जैसे भजनों पर श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी, जबकि राम दरबार की झांकी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। डा. वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर की ओजपूर्ण कविताओं को भी सराहना मिली।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने संतों और अतिथियों के प्रति आभार जताया। संचालन डा. केके त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर पंकज जी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, डा. सूर्यकांत त्रिपाठी, वेद श्रीवास्तव, कन्हैया लाल पाल, रोशन प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, रामधनी, मालती शर्मा, कमला शंकर त्रिपाठी, राजकुमार और प्रहलाद तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रोता-दर्शक मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, छः घंटे गुल रही बिजली

सरकारी दफ्तरों का कामकाज और पेयजल आपूर्ति रही ठप

मांडा (प्रयागराज)। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से मांडा खास बाजार में विद्युत पोल टूट जाने के कारण क्षेत्र में करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। इस दौरान मुख्य मार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार, वीपी प्रतापपुर राजमार्ग स्थित मांडा खास बाजार में मांडा-कोरांव मार्ग पर मांडा थाने के समीप बुधवार सुबह करीब १० बजे एक बेकाबू ट्रक ने विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पोल टूटकर झुक गया और विद्युत केबल टूटकर सड़क पर आ गिरी। गनीमत रही कि केबल इंसुलेटेड (कवर्ड) थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बीच सड़क पर पोल झुकने और तार गिरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद यातायात सुचारु कराया और मामले की जानकारी विद्युत विभाग को दी। मांडा रोड विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ अशोक कुमार एवं जेई अभय सिंह के निर्देश पर पहुंची तकनीकी टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया।

कर्मचारियों के अथक प्रयास के बाद शाम करीब ४ बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। छह घंटे तक बिजली गुल रहने से स्थानीय ब्लाक मुख्यालय, बैंक, थाना, बीआरसी कार्यालय और विद्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा। इसके साथ ही मांडा खास के दोनों पेयजल समूहों से जलापूर्ति ठप रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा।

मूर्ति विसर्जन के विवाद में १३ पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत रामपुर सिरिया गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले में पुलिस ने १३ आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी आकाश कोल पुत्र अवधेश कोल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि २० अक्तूबर को उसकी मां सोनकली और नाबालिग बहनें काजल एवं सुनीता दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गयी थीं। आरोप है कि वहां गांव के शिव पटेल, रामजी, नचकऊ, आशीष उर्फ पुत्तन पटेल, सोनू पटेल, बवाली पटेल, छोटू और धर्मेंद्र पटेल सहित अन्य लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आकाश का आरोप है कि २१ अक्तूबर को दोपहर करीब तीन बजे सभी आरोपित लाठी-डंडों से लैस होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। वहां भी जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की गयी। पुलिस ने तहरीर और जांच के आधार पर आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना एसीपी मेजा को सौंपी गयी है।

कोरांव में चार वार्डों में नाली निर्माण का किया भूमि पूजन



कोरांव (प्रयागराज)। नगर पंचायत कोरांव में विकास कार्यों की गति तेज हो गयी है। नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी द्वारा वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को नगर पंचायत के गोविंद नगर, चमनगंज, अंबेडकर नगर तथा बहादुर शाह नगर वार्डों में सीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर गांधीनगर के सभासद मुस्तफा गांधी ने नगर अध्यक्ष को 'विकास पुरुष' बताते हुए कहा कि नगर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने नगर अध्यक्ष की कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सभासद चुलबुल पांडेय, राजेश राय, भाजपा नेता रामकृष्ण केसरी, सभासद प्रतिनिधि विजय जायसवाल, पारसनाथ सिंह, रामलाल, सुमित कुमार पांडेय, लवकुश पटेल एवं प्रेम केसरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और लोग उपस्थित रहे।

भगवान के नाम का सुमिरन जीवन का सबसे बड़ा आनंद-अजय याज्ञनिक

झूंसी (प्रयागराज)। श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास की ओर से न्यास के संस्थापक व्यासावतार श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज की जयंती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर स्वामी दयानंद जी महाराज की अध्यक्षता तथा ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा के निर्देशन में विश्वविख्यात सुंदरकांड गायक पंडित अजय याज्ञनिक ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। भजनों और प्रभु श्रीराम की महिमा के गुणगान से आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा।

पंडित अजय याज्ञनिक ने कहा कि भगवान के नाम का सुमिरन जीवन का सबसे बड़ा आनंद है, जबकि उनके नाम का विस्मरण सबसे बड़ी विपत्ति है। प्रभु का नाम मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संतों का सम्मान, प्रभु के प्रति अटूट विश्वास और धर्म के मार्ग पर चलना जीवन के महत्वपूर्ण आदर्श हैं। उन्होंने प्रयागराज की पावन धरती पर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज के आश्रम में सुंदरकांड पाठ करने को अपना परम सौभाग्य बताया। पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम में महापौर, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डा. सुरेश चंद्र तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल कुमार गुप्ता (अन्नू भैया), ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, ट्रस्टी विभोर अग्रवाल, गगोली शिवाला के महंत सुशील दास त्यागी, पूर्व नगर आयुक्त मुन्नीलाल पांडेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २९ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- कार्तिक कृष्ण पक्ष
तिथि- चतुर्थी रात्रि ०२.११ तक उपरान्त पंचमी संकष्ठी गणेश चतुर्थी व्रत।
वार- गुरुवार
नक्षत्र- रोहिणी दिन में ०३.३२ तक मृगशिरा।
योग- वरीयान प्रातःकाल ०८.३० उपरान्त परिघ भोर ०५.१८ तक।
राशि- वृष रात्रि ०२.४३ तक मिथुन।
सूर्योदय- ०६.२५ बजे
सूर्यास्त- ०५.३५ बजे
राहुकाल- मध्यान्ह ०१.३० से ०३ बजे तक।
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- रिक्ता तिथि होने से कोई मुहूर्त नहीं है।
विशेष- करवाचौथ। इस व्रत सौभाग्यवती महिलायें अपनी पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। चंद्रोदय रात्रि ०७.५७ पर होगा और उसी समय करवा में अर्घ्य बनाकर चंद्रमा को दिया जायेगा। ललिता चतुर्थी एवं दशरथ की पूजा की जायेगी।

प्राकृतिक खेती और आधुनिक फसल प्रबंधन के दिये गुर

किसानों के लिए 'आत्मा' योजना के तहत परिभ्रमण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में बिहार से आये ४० चयनित किसानों के लिए 'आत्मा' योजना के अंतर्गत कृषक परिभ्रमण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. (डा.) बिश्वरूप मेहरा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कम लागत वाली प्राकृतिक खेती आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने बताया कि जीवामृत और घनजीवामृत जैसी जैविक खादों के उपयोग से एक देशी गाय के जरिए ३० एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक खेती की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने श्रीअन्न (मिलेट्स) के उत्पादन में आधुनिक कृषि यंत्रों एवं वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाकर लागत घटाने और मुनाफा बढ़ाने के तरीके साझा किए।

विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डा. प्रवीन चरण ने किसानों को पारंपरिक फसलों से हटकर खेती में विविधता लाने के लिए प्रेरित किया। वहीं कृषि वैज्ञानिक डा. शिशिर कुमार ने प्रमुख खाद्यान्न फसलों-गेहूं, धान, चना, मटर और मक्का के उन्नत प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि कम उपजाऊ भूमि में मक्का की खेती बेहद लाभकारी है, क्योंकि धान की तुलना में मक्का ९० प्रतिशत पानी की बचत करती है और भूमि की ७९ प्रतिशत उर्वरता को बनाये रखने में सक्षम है। वैज्ञानिक डा. सर्वेन्द्र कुमार ने किसानों को आय बढ़ाने के लिए उन्नत पशुपालन के गुर सिखाए, जबकि प्रशिक्षण समन्वयक डा. टी. डी. मिश्रा ने संरक्षित विधि से सब्जी उत्पादन और पौधशाला (नर्सरी) प्रबंधन पर व्यावहारिक जानकारी दी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक प्रसार प्रो. (डा.) ए. के. चौरसिया, वैज्ञानिक डा. योगेश चंद्र श्रीवास्तव, डा. शैलेन्द्र कुमार सिंह, डा. मनीष कुमार केसरवानी तथा हिंदी अधिकारी श्रीमती मीना नेथन सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



मऊआइमा में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

मऊआइमा (प्रयागराज)। प्रयागराज-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडित जी फोटो और होम्योपैथिक दवाखाने के बीच बुधवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. प्रकाश पटेल ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र संचालक विनीत दुबे ने बताया कि यहां मरीजों को ५० से ८० प्रतिशत तक की छूट पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को कम कीमत पर दवाएं मिल सकेंगी और इलाज पर होने वाले खर्च में राहत मिलेगी। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू शुक्ला, प्रेम जायसवाल, राम पलट पटेल, सलोरे त्रिपाठी, हरि गोविंद पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक सदस्य नावेद अंसारी, शारदा प्रसाद और शंभूनाथ पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।



सूचना- मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा बी0ए0 वर्ष-2005 अनुक्रमांक-411280, इनरोलमेन्ट नं0 I 0220119 का माइग्रेशन प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। अमित कुमार पुत्र-श्री रामतीर्थ वर्मा नि0-ग्राम-गौरा महमूदपुर अम्बेडकर नगर ३०प्र0

सूचना

मैं कन्हैया लाल पुत्र स्वर्गीय मुन्नी लाल, निवासी ग्राम रामनगर केवटाहिया, तहसील मेजा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, घोषित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कामेश्वर नाथ दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम कन्हैया लाल है। भविष्य में मुझे कन्हैया लाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, ३०प्र0
नवीन मण्डी स्थल मुण्डेरा, अतिथि गृह, कानपुर रोड प्रयागराज
(E-mail Id-mandiparishadallad@gmail.com)

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0पत्रा0/शुद्धि-पत्र/2026-1594 दिनांक 24/10/2026

ई-निविदा शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्रांकःनि0-10/नि0प्र0पत्रा0/2026-1514 दिनांकः15.10.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा दिनांक 29.10.2026 को आमंत्रित की गयी है जो अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को दिनांक 06.11.2026 के अपरान्ह 12.30 बजें तक आमंत्रित की जाती है, शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद प्रयागराज

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0पत्रा0/2026-1595 दिनांक 24/10/2026